CCE-II-RR/PR/NSR/NSPR(B)/999/8004

**B**

**ಜೂನ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 2**

**JUNE 2024 EXAMINATION - 2**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 45 ]
Total No. of Questions : 45 ]

**CCE RR/PR/ NSR/NSPR Reduced Syllabus**

**Question Paper Serial No.**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Regular Repeater / Private Repeater / NSR / NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 14. 06. 2024 ] [ Date : 14. 06. 2024
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-30 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**Cut here/ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)** । **प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें ।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो ।

यहाँ से काटिए

**14. 06. 2024**

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं । उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** **6 × 1 = 6**

1. 'दोस्त' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) दुश्मन (B) दोस्ताना

   (C) मित्र (D) अपना

2. 'पंडित' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) पीड़ित (B) पुजारी

   (C) पंडिताइन (D) पांडित्य

3. निम्न में से बहुवचन शब्द पहचानिए –

   (A) किताब (B) साड़ियाँ

   (C) हड़ताल (D) बहस

4. 'सीखना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) सीख (B) सीमित

   (C) सिंचाई (D) सिखाना

5. 'अमृत' शब्द का पर्यायवाची है –

(A) पीयूष (B) अमर

(C) अनिल (D) अंबर

6. 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) नींद आना (B) सुबह होना

(C) भाग जाना (D) मदद करना

II. **प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।**

**4 × 1 = 4**

7. परमात्मा : दीर्घ संधि :: एकैक : ............................ ।

8. प्रतिदिन : अव्ययीभाव :: सुख-दुख : ............................ ।

9. भारत मैच जीतेगा : भविष्यत् काल :: भारत ने मैच जीता : ................ ।

10. किसी विषय में तज्ञ : विशेषज्ञ :: जो अभिनय करती है : ................... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. मज़हब क्या नहीं सिखाता ?

12. विजयनगर साम्राज्य किसका प्रतीक रहा है ?

13. मीठे वचन से क्या हो सकता है ?

14. रुपये की झनझनाहट में क्या है ?

15. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

16. सरायवाले को सिपाही ने चवन्नी क्यों दी ?

17. नेपोलियन की बहन का नाम क्या था ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या–स्थान किस तरह बना है ?

19. नदी के पुल से कौन से दृश्य नज़र आते हैं ?

20. रुपया ठाकुर जी से बड़ा है । कैसे ?

21. कन्नड क्लब के बारे में लिखिए ।

22. व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ?

23. बिहारी जी आडंबरपूर्ण भक्ति का खंडन कैसे करते हैं ?

24. जीवन के संघर्षमय पथ कैसे पार कर सकते हैं ?

25. पुरुषार्थी सफलता के शिखर तक कैसे पहुँचता है ?

26. नेपोलियन और उसकी बहन के स्वभाव में अंतर दर्शाइए ।

27. 'परिश्रम के बिना मानव जीवन निरर्थक है' – स्पष्ट कीजिए ।

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए । 2 × 3 = 6**

28. श्री हरिशंकर परसाई ।

29. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

30. बिनु पग चले सुने बिनु काना ।

कर बिनु कर्म करे विधि नाना ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए।** **3**

31. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।** **4 × 3 = 12**

32. ''आप लोग असुर की कविता तो सुन ही चुके, अब ससुर की कविता सुनिए ।''

33. ''मैंने डाँटकर कह दिया है, देखिए, जल्दी चुप हो जायेगा ।''

34. ''अनदेखे अरूप को

उधार देते मैं डरता हूँ ;

क्या जाने यह याचक कौन है ?''

35. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए :** **3 × 3 = 9**

36. 'पिछड़ा आदमी' कविता का सारांश अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए ।

37. अकबरी लोटा एक ऐतिहासिक लोटा कैसे बना ?

38. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

39. पैदा कर जिस ..................................................................

..................................................................

..................................................................

........................................................ स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ..................................................................

..................................................................

..................................................................

........................................................ को गले लगाना ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है ।

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

41. सेठ गोविन्ददास जी की राय में 'सच्चा धर्म' क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

अहिल्या का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

42. स्वाधीनता आंदोलन में मन्नु भण्डारी जी की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

मन्नु भण्डारी जी के लेखकीय व्यक्तित्व निर्माण में शीला अग्रवाल जी की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

43. पृथ्वी पर स्वर्ग–सा उतरनेवाला, कर्नाटक राज्य का बेलूर मंदिर आकार–प्रकार की दृष्टि से, दक्षिण के विशाल मंदिरों की तुलना में छोटा है, किन्तु अपने कलावैभव के कारण विश्वविख्यात है । बेलूर मंदिर का निर्माण दो किश्तों में हुआ था और

उनके बीच 60-70 वर्षों का अंतराल था । दोनों किश्तों के साथ दो महान महाशिल्पियों की पावन कथा जुड़ी है । प्रथम के साथ शिल्पशिरोमणि दासोजा की और दूसरे के साथ शिल्पाचार्य जक्कणाचारी की । नाटकीय उत्थान–पतन की दृष्टि से बेलूर का कथानक बड़ा रोचक है ।

**प्रश्न :**

a) बेलूर की कला किन कारणों से विश्वविख्यात है ?

b) बेलूर मंदिर के निर्माण का वर्णन कीजिए ।

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

44. अस्वस्थता का कारण बताते हुए, तीन दिनों की छुट्टी की विनती करते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

चन्द्रयान–3 की सफलता के बारे में बताते हुए अपने दोस्त के नाम पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए।** **$1 \times 5 = 5$**

45. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व

ii) दूरदर्शन ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE